प्राकृतिक चिकित्सा के लक्ष्य रोगों को रोकना है, इसका प्रभाव पूर्ण स्वास्थ्य की संकल्पना, जिसका आधार भौतिक, मानसिक, नैतिक, सामाजिक, अध्यात्मिक स्तर पर हो। यह रोगियों की संख्या में भी कमी लाती है। यह मंहगी रासायनिक औषधियों के दुष्परिणामों को भी कम कर देती है। आज प्राकृतिक चिकित्सा ही सभी अजीर्ण एवं एलर्जिक बीमारियों का सही एवं अचूक इलाज है।

आधुनिक वैज्ञानिक युग में मनुष्य जैसे-जैसे भौतिक सुविधा सम्पन्न साधनों का दास बनता जा रहा है और प्रकृति से दूर होता जा रहा है, वैसे-वैसे वह अनेक नये-नये भयंकर रोगों जैसे - कैंसर, एड्स आदि का शिकार होने लगा है। उसके जीवन में महत्वाकांक्षाएं बढ़ जाने के कारण तनाव और चिन्ता ने घर बना लिया है जिससे **उच्च रक्तचाप, (High blood pressure) अनिद्रा, हृदय रोग, मधुमेह** आदि से उसका पीड़ित होना एक आम बात हो गई है।

Scanned with ACE Scanner

वर्तमान में धन एंव पद अर्जन करने की प्रतिस्पर्धा के कारण मानव के पास भोजन करने का भी समय नहीं है। आपसी सहानुभूति न होने के कारण परिवार, टूटने के कगार पर हैं। अपनी अनेक कुंठाओं से मुक्त होने के लिए व्यक्ति होटलों और क्लबों में जाकर शराब, सिगरेट और नाच गाने में देर रात तक डूबा रहता है, और जिस कारण व्यक्ति प्रदूषित वातावरण में अपने स्वास्थ्य को रोगग्रस्त कर रहा है।

स्वस्थ जीवन जीने के लिए निश्चय ही प्राकृतिक एवं नियमित आहार-विहार, सोना, जागना आवश्यक होते हैं। इसी सम्बन्ध में भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है-

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।। गीता (३)

इसी प्रकार जब मनुष्य प्रकृति के इन नियमो की अवहेलना करता है, तो प्रकृति दण्ड स्वरुप उसे रोगी बना देती है। आज की बढ़ती हुई मंहगाई और अप्राकृतिक और मिलावटी भोजन भी स्वास्थ्य का विनाश करने में किसी से कम नहीं है। और सबसे ज्यादा भयंकर है आज की लोक व्यापक चिकित्सा पद्धति की विषैली तेज दवाएं, जिन्हें खाकर क्षणिक राहत तो मिलती है लेकिन रोग दिनों-दिन बढ़ते जाते हैं। इस भयंकर समस्या से निकलने का कोई रास्ता नहीं रह जाता और व्यक्ति रोगों से लड़ते-लड़ते धन और बल का विनाश कर बैठता है, तब उसे याद आती है बिना दवा के रोग मुक्त करने की अटूट पद्धति, **प्राकृतिक चिकित्सा।** इस पूर्ण प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य को आरोग्य करने के लिए फिर से मानव - आकर्षित हो रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए वह सर्वांगीण, सरल प्राकृतिक उपचार के - मार्ग का अन्वेषण कर रहा है। मानव को अपने जीवन को सुचारू रूप से निरोग एवं प्रबल बनाने में योग विद्या का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।

योग का प्रभाव

योग शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विश्व की प्राचीनतम- प्राणाली है। शताब्दियों से भारत में योगियों, ऋषियों एवं मनीषियों द्वारा योग का अभ्यास किया गया है, जिसके द्वारा जीवन के परम लक्ष्य कैवल्य (मोक्ष) को प्राप्त किया जाता है। योगविद्या से मानसिक शान्ति एवं शारीरिक संतुलन का दिव्य - प्रभाव बना रहता है, इससे मेरुदण्ड में लचीलापन एवं स्नायुतन्त्र में निरन्तर - वृद्धि होने लगती है, इससे शनैः शनै मूलाधारादि षट्चक्र भेदन भी होने लगता है। मानव, योग- प्रणाली द्वारा अपने खोये हुए स्वास्थ्य को पुनः प्राप्त कर सकता है, यह प्रणाली मानसिक शान्ति को जन्म देती है, तथा आत्मतत्व में गुप्तशक्तियाँ उद्घाटित करती है, साथ ही अपने संकल्पशक्ति में प्रचुर-वृद्धि कर करती है, एवं जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है मानव इस

Scanned with ACE Scanner

प्रणाली द्वारा आत्म साक्षात्कार के उत्कृष्ट शिखर पर आसीन हो सकता है। अर्थात् आत्मस्वरुप को पहचानने में सक्षम हो जाता है। लिखा है- **तदा द्रष्टुः स्वरुपेऽवस्थानम्**''

योगासन क्रिया अन्य व्यायामादि– क्रियाओं से नितान्त – भिन्न है। क्यों कि योगक्रियाओं में श्वास–प्रणाली को केन्द्रित कर योगाभ्यास किया जाता है। योगक्रिया आसन, मन शरीर के सूक्ष्म सम्बन्ध के पूर्णज्ञान पर आधारित एक अद्‌भुत प्रणाली है, अन्य सभी योग–कर्मयोग, राजयोग, भक्तियोग एवं ज्ञानयोग आदि की सिद्धियों के लिए यह एक साधन प्रक्रिया है।

भगवान् हिरण्यगर्भ को ही योग का प्रथम–उपदेष्टा माना गया है, **हिरण्यगर्भ योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः** परन्तु इसे सूत्ररूप में परिणत करने वाले महर्षि पतञ्जलि का नाम योगदर्शन में अग्रणी–रूप से स्वीकार किया गया है। योग को 'समाधि' के अर्थ में स्वीकार करते हुए ''**योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः** '' इत्यादि सूत्रों से शास्त्र का प्रतिपादन एवं प्रारम्भ किया गया है, जिसका प्रभाव सम्पूर्ण योगशास्त्र में है।

योगदर्शन में मुख्यरूप से अष्टांगयोग का उल्लेख माना जाता है, जिसमें योग के आठ अंगों का विस्तार से उल्लेख किया गया है, तथा अष्टम –सोपान जो समाधि है, उसे भी दो भेदों में गूढतम रहस्यों द्वारा प्रतिपादन किया गया है, अन्त में योग का फल मोक्ष को भी प्रमाणपूर्वक सिद्ध किया गया है। कहा गया है (जीवन ही योग है, योग ही मोक्ष है)।

शरीर को आरोग्य ररवने हेतु देश में अनेक योग प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र खुले हैं उसी क्रम में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा योग विज्ञान विभाग में एक वर्षीय स्नातकोतर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रारम्भ हो रहा है। वर्तमान में योग विज्ञान विभाग के अन्तर्गत बी.ए., एम. ए., पी.जी.योग डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। भविष्य में शीघ्र पी. एच. डी. पाठ्क्रम प्रारम्भ हो जा रहा है।

प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी

विभागाध्यक्ष योग विज्ञान विभाग

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय)

पाठ्यक्रम नियमावली

P.G. Diploma of Yoga and Naturopathy (One Year)

उद्देश्य:

1. विश्वविद्यालय का मूल उद्देश्य भारतीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक रूप से प्रचार करना।
2. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक तैयार करना।
3. योग एवं चिकित्सा पद्धति मार्ग से सरकारी, अर्धसरकारी एवं निजी संस्थाओं में रोजगार प्राप्त कराना।
4. देश-विदेश में भारतीय चिकित्सा पद्धति को प्रारम्भ कराने हेतु प्रेरणा देना।
5. योग चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा रोगी को आरोग्य बनाना।
6. प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विषैली दवाओं का उपसमन करना।

सामान्य नियमावली:

1. योग विभागान्तर्गत प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करना अनिवार्य है।
2. विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों को भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परम्पराओं का निर्वहन करना अनिवार्य होगा।
3. कक्षा कालांश में 15 मिनट से ज्यादा विलम्ब होने पर उस कालांश की अनुपस्थिति लगा दी जायेगी।
4. कक्षा में 75% उपस्थिति होने पर ही छात्र परीक्षा में बैठने का अधिकारी होगा। पर्याप्त एवं उचित कारण होने पर कुलपति महोदय 5 प्रतिशत की छूट दे सकते हैं।
5. उक्त पाठ्यक्रम का अध्यापन हिन्दी, अंग्रेजी तथा संस्कृत होगा।
6. इन पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले सभी छात्रों को विश्वविद्यालय की सुविधाएं (डी.टी.सी. पास आदि) नियमानुसार मिलेगी।

14.3.22

Scanned with ACE Scanner

7. योग को प्रयोगिकी कक्षाऐं प्रात: 06.30 बजे से 09.30 बजे तक संचालित होंगी। ये कक्षाएं सप्ताह में शनिवार एवं रविवार सहित चार दिवसों में संचालित की जायेंगी।
8. सैद्धान्तिक कक्षाऐं शनिवार एवं रविवार को प्रायोगिक कक्षाओं के उपरान्त 10.00 बजे से 01.00 बजे तक होंगी। समयानुसार सैद्धान्तिक कक्षाओं में दिवस भी अधिक हो सकते हैं।
9. प्राकृतिक चिकित्सा प्रयोगिक प्रशिक्षण द्वितीय सत्र में विश्वविद्यालय द्वारा नामित संस्थान में एक माह का होगा। जिसका समय प्रात: 08.00 बजे से 02.00 बजे तक रहेगा।
10. पाठ्यक्रम में प्रथम सत्र में 05 पत्र तथा द्वितीय सत्र में भी 05 पत्र होंगे। जो 100 अंको के निर्धारित होंगे।
11. उक्त पाठ्यक्रम में वैकल्पिक चिकित्सा सम्बन्धी पत्रों का भी अध्ययन अध्यापन किया जायेगा।
12. प्रयोगिक प्रशिक्षण 90 मिनट का तथा सैद्धान्तिक कालांश 60 मिनट का रहेगा।

प्रवेश नियमावली:

1. मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र देने पर ही प्रार्थी का प्रवेश मान्य होगा।
2. प्रवेशार्थी ने विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त संस्थान, महाविद्यालय, विद्यापीठ/विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में 10+2+3 परीक्षा 40 प्रतिशत से उत्तीर्ण की हो, प्रवेश अन्तिम परीक्षा के अंको के आधार पर वरीयता क्रम से होगा।
3. प्रवेशार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, कहीं योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्रों में कार्य कर रहे अभ्यर्थी की आयु में शिथिलता कुलपति महोदय जी के दिशा-निर्देशानुसार सम्भव होगा।
4. भारतीय दर्शन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में कार्य कर रहे अभ्यर्थी को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जा सकती है।
5. प्रवेश एवं साक्षात्कार निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर ही होगा।
6. प्रवेश समय अभ्यर्थी को मूल प्रमाणपत्र दिखाने अनिवार्य होंगे। साथ ही छाया प्रमाणपत्रों को प्रत्याशी द्वारा स्वयं प्रमाणित करना होंगे।
7. प्रवेश समिति में दर्शन पीठ प्रमुख, विभागाध्यक्ष तथा विभागीय अध्यापकों सहित विभाग का पूर्ण सहयोग रहेगा।

14-3-2022

Scanned with ACE Scanner

8. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पाठ्यक्रम डिप्लोमा हेतु प्रवेश शुल्क 15,000/- (पन्द्रह हजार रूपये) सुनिश्चित किया गया है।
9. यौगिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा सामग्री का निर्वहन छात्र स्वयं करेंगे।
10. पुस्तकालय सेवा केवल अध्ययन करने के लिए होगी, पुस्तकालय कार्ड प्राप्त नहीं होंगे।
11. उक्त पाठ्यक्रम में 50 स्थान निश्चित किये गये हैं।
12. आरक्षण का नियम विश्वविद्यालय के नियमानुसार होगा।

विशेष:-न्यायिक प्रक्रिया राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली ही मान्य होगी।

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम

One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

प्रथम सत्र (प्रथम पत्र)

योग का महत्त्व एवं सिद्धान्त
(Importance & Principles of Yoga)

इकाई	विषय:	अंक: 100	क्रेडिट: 06
प्रथमः इकाई	योग का अर्थ, परिभाषा, योग की परम्परा, विभिन्न शास्त्रों में योग का वर्णन - वेद, वशिष्ठ, गीता, उपनिषद् एवं आयुर्वेद।	15	01
द्वितीयः इकाई	महर्षि पतञ्जलि के अनुसार योग की परिभाषा, चित्त का स्वरूप, चित्तभूमियाँ, वृत्तियाँ, चित्तवृत्ति निरोध के उपाय, क्रियायोग, ईश्वरस्वरूप	15	01
तृतीयः इकाई	हठयोग का अर्थ, परिभाषा, उद्देश्य, योग अभ्यास हेतु उचित स्थान, ऋतुकाल, वेशभूषा, आहार, साधक- बाधक तत्व, मठस्थापन, हठयोग की उपयोगिता, महत्व	15	01
चतुर्थः इकाई	घेरण्ड संहिता और हठयोग प्रदीपिका के अनुसार- आसन, षट्कर्म, प्राणायाम, बन्ध, मुद्रा, प्रत्याहार, ध्यान, समाधि, नादानुसंधान, कुण्डलिनी।	15	01
पंचमः इकाई	योगियों का जीवन परिचय-महर्षि पतंजलि, आदिगुरुशंकराचार्य, महर्षि दयानन्द, गुरुगोरक्षनाथ, श्री अरविंद, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी कुवलयानन्द।	15	01
षष्ठः इकाई	कक्षा कार्य, उपस्थिति, अनुशासन आदि।	20	01

सन्दर्भ ग्रन्थ

योग विज्ञान - स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती
वेदों में योग विद्या - स्वामी दिव्यानंद
योग मनोविज्ञान - शान्तिप्रकाश आत्रेय
भारतीय दर्शन - आचार्य बलदेव उपाध्याय
औपनिषदिक अध्यात्म विज्ञान - डॉ0 ईश्वर भारद्वाज
योग सिद्धान्त एवं साधना - प्रो0 महेश प्रसाद सिलोड़ी
Yoga Darshan - Sw. Niranjananda Saraswati
भारत के संत महात्मा - रामलाल
भारत के महान योगी - विश्वनाथ मुखर्जी
योगामृतम् - डॉ0 महेश प्रसाद सिलोड़ी

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम

One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

प्रथम सत्र (द्वितीय पत्र)

योग एवं स्वास्थ्य (Yoga & Health)

इकाई	विषय:	अंक: 100	क्रेडिट: 06
प्रथम: इकाई	स्वास्थ्य की परिभाषा, स्वस्थ पुरुष के लक्षण, स्वस्थवृत्त विज्ञान एवं इसका प्रयोजन। दिनचर्या- प्रातःकालीन नित्यकर्म (प्रातःकालीन जागरण, ऊषापान, मलत्याग, मुख-शोधन, जिह्वा निर्लेखन, चक्षुप्रक्षालन, दन्तधावन व गंडूष धारण) व्यायाम- परिभाषा, योग्यायोग्य, प्रकार, उचित व्यायाम के लक्षण व लाभ, सामान्य व्यायाम व योग व्यायाम में अन्तर।	16	01
द्वितीय: इकाई	अभ्यंग- परिभाषा एवं उद्देश्य, स्नान- अर्थ व परिभाषा, उद्देश्य, स्नान के भेद व समय, संसाधन, निषेधात्मक स्थितियां व लाभ। निद्रा- परिभाषा, उद्देश्य, प्रकार, कारणीय सिद्धान्त व लाभ, अनिद्रा के लक्षण व उपाय।	16	01
तृतीय: इकाई	ब्रह्मचर्य- अवधारणा, सिद्धान्त, उद्देश्य व महत्व। ऋतुचर्या- ऋतुविभाजन व इनकी विशेषताएं, ऋतु अनुसार आहार-विहार, दोषों का संचय, प्रकोप व प्रशमन। ऋतु-हरीतकी। ऋतुओं व आहारीय रसों का सम्बन्ध। ऋतुओं व आहारीय रसों का सम्बन्ध। ऋतुओं व जल सेवन का सम्बन्ध। ऋतु-सन्धि नियम। यमदृष्टा। सद्वृत्त के प्रकार व कतिपय उदाहरण, धारणीय व अधारणीय वेग आधारित आचार रसायन, आचार-रसायन आधारित आचरणीय नियम।	16	01
चतुर्थ: इकाई	आहार- अवधारणा व परिभाषा, उद्देश्य, गुण-धर्म, मात्र व काल, संतुलित आहार, आहार के घटक द्रव्य- कार्बोज, प्रतनक, वसा, खनिज लवण, विटामिन्स व जल के गुण-धर्म, शरीर हेतु कार्य, आहारीय स्रोत व सम्बन्धित अभावजन्य व्याधियां।	16	01
पंचम: इकाई	मिताहार, फलाहार, रसाहार, अपक्वाहार, अंकुरित आहार, दुग्धाहार, शाकाहार, मांसाहार की अवधारणा व लाभ। विषम भोजन- अवधारणा व हानियां। नशीले पदार्थ- गुण-धर्म व सेवन से हानियां। योग आधारित आहारीय नियमावली।	16	01
षष्ठ: इकाई	कक्षा कार्य, उपस्थिति, अनुशासन आदि।	20	01

संदर्भ ग्रंथ

1. जीवेम शरदः शतम - पं. श्रीराम शर्मा आचार्य सम्पूर्ण वाङ्मय, खण्ड - 41
2. स्वस्थवृत्त विज्ञान - प्रो. रामहर्ष सिंह
3. स्वस्थवृत्तम - शिवकुमार गौड़
4. आहार और स्वास्थ्य - डॉ. हीरालाल
5. रोगों की सरल चिकित्सा - विट्ठल दास मोदी
6. योग से आरोग्य - इण्डियन योग सोसाइटी

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम
One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

प्रथम सत्र (तृतीय पत्र)

मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान
(Human Anatomy and Physiology)

इकाई	विषय:	अंका: १००	क्रेडिट: ०६
प्रथम: इकाई	आयुर्वेद के अनुसार शरीर की रचना, अष्टांग आयुर्वेद परिचय, 16 दोष (वात, पित, कफ) धातु, मल, मानवीय कोशिका की रचना, ऊतक त्वचा संस्थान के उपांग, त्वचा के कार्य एवं बनावट मर्म विज्ञान परिचय, स्त्रोतसवह संस्थान का वर्णन, शरीर में षट्चक्र की स्थिति।	१६	०१
द्वितीय: इकाई	अस्थि संस्थान, अस्थियों का संगठन कार्य एवं भेद, जोड़ एवं सन्धियों का वर्णन, पेशीतन्त्र, बनावट, शरीर की मुख्य पेशियां एवं उनके कार्य उत्सर्जन तन्त्र, वृक्क की रचना तथा कार्य, उत्सर्जन तन्त्र पर योग का प्रभाव, रक्त परिसंचरण, हृदय एवं रक्त की रचना एवं कार्य।	१६	०१
तृतीय: इकाई	पाचन तन्त्र, पाचन तन्त्र की रचना क्रिया यकृत एवं अग्नाशय की रचना एवं कार्य, पाचन संस्थान पर योग का प्रभाव, षट्कर्म से पाचन संस्थान का शोधन, श्वसन संस्थान - श्वसन तन्त्र पर योग का प्रभाव, प्राण की परिभाषा एवं क्रिया विधि, योग और भेद प्राणायाम की महत्व।	१६	०१
चतुर्थ: इकाई	अन्त: स्त्रावी संस्थान, अन्त: स्वस्त्रावी व बहिस्त्रावी ग्रन्थिया, इन्जाइम एवं हार्मोन में अन्तर, पिनियल ग्रन्थि, पीयूष ग्रन्थि, चुल्लिका ग्रन्थि, परिचुल्लिका ग्रन्थी, थायमस, अग्नाशय, एडीनल ग्रन्थि, डिम्ब व अण्डकोष ग्रन्थियो की रचना, हार्मोन एवं उनके कार्य, योग का इन ग्रन्थों पर प्रभाव।	१६	०१
पंचम: इकाई	तंत्रिका तंत्र, तन्त्रिका संस्थान का वर्गीकरण, मस्तिष्क, सुषुम्ना, कापालीय तंत्रिकाएँ स्पाइनल चित्रकार, फलेक्सस, तन्त्रिका तन्त्र पर योग का प्रभाव, ज्ञानेन्द्रियों की स्पना, रचना एवं कार्य, ज्ञानेनियों पर योग का प्रभाव	१६	०१
षष्ठ: इकाई	कक्षा कार्य, उपस्थिति, अनुशासन आदि	२०	०१

संदर्भ ग्रंथ-

1. शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान- प्रो. (डॉ.) अनन्त प्रकाश गुप्ता
2. Basic Anatomy and physiology- A.K. Jain
3. सुश्रुत संहिता- अत्रिदेव
4. आयुर्वेदीय क्रिया शरीर-वैद्य रणजीत राय देसाई
5. शरीर क्रिया विज्ञान- डॉ. प्रियवृत
6. शरीर रचना विज्ञान- डॉ. मुकुन्द स्वरूप वर्मा

14-3-22

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम
One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

प्रथम सत्र (चतुर्थ पत्र)

प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धान्त (Principles of Naturopathy)

इकाई	विषय:	अंका: 100	क्रेडिट: 06
प्रथम: इकाई	प्राकृतिक चिकित्सा का इतिहास (आधुनिक, प्राचीन), प्राकृतिक चिकित्सा दर्शन, प्राकृतिक चिकित्सा के मूल सिद्धान्त। विजातीय द्रव्यों का सिद्धान्त, रोगो के उभार का सिद्धान्त, जीवनी शक्ति बढ़ाने के उपाय, आकृति द्वारा रोग की पहचान एवं निदान।	16	01
द्वितीय: इकाई	जल तत्व चिकित्सा-जल का महत्व, जल के गुण, विभिन्न तापक्रम के अनुसार जल का शरीर पर प्रभाव, जल चिकित्सा के सिद्धान्त, जलसेवन, प्राकृतिक स्नान, साधारण व घर्षण स्नान, कटि स्नान, मेहन स्नान, वाष्प स्नान, रीढ़ स्नान, उष्ण पाद स्नान, जल की पट्टियां, स्पंज, एनिमा।	16	01
तृतीय: इकाई	पृथ्वी तत्व चिकित्सा-मिट्टी, सूर्य व वायु चिकित्सा- मिट्टी का महत्व, प्रकार एवं गुण। शरीर पर मिट्टी का प्रभाव। मिट्टी की पट्टियां। अग्नितत्व चिकित्सा- सूर्य स्नान का महत्त्व, शरीर पर सूर्यप्रकाश की किरणों का सिद्धान्त एवं विभिन्न रंगो का प्रयोग, सूर्य स्नान की विधि, वायु का महत्व।	16	01
चतुर्थ: इकाई	वायुतत्व चिकित्सा-अभ्यंग की परिभाषा, इतिहास व महत्त्व, अभ्यंग का विभिन्न अंगो पर प्रभाव एवं नैसर्गिक विधियां- समान्य, घर्षण, थपकी, मसलना, दलना, कम्पन, बोलना, सहलाना, झकझोरना, ताल, मुक्की, चुटकी आदि। आयुर्वेदिक विधि, मर्दन, अवगाहन, परिषेक, सिंचन, रोगों में अभ्यंग।	16	01
पंचम: इकाई	आकाश तत्व चिकित्सा-उपवास का सिद्धान्त अन्त: व वाह्य शारीरिक किया-प्रतिकिया, रोग का उभार व उपवास, उपवास के नियम, उपवास के प्रकार-दीर्घ, लघु, पूर्ण, अर्धा जलउपवास, रसोपवास, फलोपवास, एकाहारोपवास। वायु का आरोग्यकारी प्रभाव, वायु स्नान।	16	01
षष्ठ: इकाई	कक्षा कार्य, उपस्थिति, अनुशासन आदि।	20	01

संदर्भ ग्रन्थ-

चिकित्सा उपचार के विविध आयाम- पं. श्रीराम शर्मा आचार्य सम्पूर्ण वाङ्मय, खण्ड-40
जीवेम शरद: शतम - पं. श्रीराम शर्मा आचार्य सम्पूर्ण वाङ्मय, खण्ड-41
स्वस्थवृत विज्ञान प्रो. रामहर्ष सिंह
स्वस्थवृत्तम - शिवकुमार गौड़
आहार और स्वास्थ्य डॉ. हीरालाल
रोगों की सरल चिकित्सा विट्ठल दास मोदी
आयुर्वेदीय प्राकृतिक चिकित्सा - राकेश जिन्दल
Diet and Nutrition - Dr. Rudolf
History and Philosophy of Naturopathy - Dr. S.J. Singh
Nature Cure - Dr. H. K. Bakhru
The Practice of Nature Cure - Dr. Henry Lindlhar
आहार स्वास्थ्य के लिए- ए. पी. दीवान

14-3-22

Scanned with ACE Scanner

स्नाकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम

One Year P.G.Diploma in Yoga & NaturopathY(D.Y.N)

योग प्रयोगिक (Yoga Practical)

प्रथम सत्र (पंचम)

इकाई	विषय:	अंका:८०	क्रेडिट:०६
प्रथम: इकाई	श्वसन एंव सुक्ष्म क्रियायें, सूर्य नमस्कार, खड़े होकर किए जाने वाले आसन ताड़ासन,तिर्यक ताड़ासन, ध्रुवासन, कटिचक्रासन, गरूड़ासन, नटराजासन, कोणासन, त्रिकोणासन हस्तोत्तानासन, पादहस्तासन, वीरासन, वीरभद्रासन, बैठकर किए जाने वाले आसन उत्कटासन, गौमुखासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन, वक्रासन, मार्जारासन, जानुशीर्षासन, भद्रासन, सिंहासन, पद्मासन, कूष्टासन, शशांकासन, वज्रासन, मण्डूकासन, कूर्मासन, पश्चिमोत्तानासन वकासन, मयूरासन, कुक्कुटासन, गर्भासन, टिट्टिभासन, शीर्षासन, वृश्चिकासन, तोलांगुलासन, उत्थितपद्मासन,	२०	०१
द्वितीय:इकाई	लेटकर किए जाने वाले आसन - उत्तानपादासन, नौकासन, सेतुबन्धासन, हलासन, कर्णपीड़ासन, सर्वांगासन, मत्स्यासन, शवासन, शलभासन, भुजंगासन, धनुरासन, पर्वतासन, विपरीतनौकासन, मकरासन, बालासन,	१५	०१
तृतीय:इकाई	नाड़ीशोधन, सूर्यभेदी, उज्जायी, शीतकारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, उद्गीथ हस्तमुद्राएँ ज्ञान मुद्रा, ब्रहमाञ्जलि मुद्रा, प्राण, अपान एवं, लिंग मुद्रा, विपरीतकरणी मूलबन्ध, उड्डियानबन्ध जालन्धरबन्ध, महामुद्रा, महाबन्ध	१५	०१
चतुर्थ:इकाई	कुञ्जल, सूत्रनेति, जलनेति, दण्डधौति, वस्त्रधौति, नौलि, वारिसार धौति कपालभाति, त्राटक	१५	०१
पंचम:इकाई	सूर्यनमस्कार के मंत्र, प्रार्थना मंत्र, स्वस्ति मंत्र, शांति मंत्र ध्यान विधियाँ।	१५	०१
षष्ठ:इकाई आन्तरिक मूल्यांकन	कक्षा कार्य, आन्तरिक मूल्यांकन, अनुशासन, कक्षा उपिस्थति।	२०	०१

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम

One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

द्वितीय सत्र (प्रथम पत्र)

भारतीय वाङ्मय में योग के आधारभूत सिद्धान्त

(Basic Principle of Yoga in Indian Vangmaya)

इकाई	विषय	अंक: 100	क्रेडिट:
प्रथम इकाई	गीता के अनुसार गीतानुसार, कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग, आत्मा का स्वरूप, स्थितप्रज्ञ के लक्षण, गुणसृष्टि, कर्म सिद्धान्त,	16	1
द्वितीय इकाई	सांख्यकारिका के अनुसार दुःख का त्रैविध्य, दुःखापघात के उपाय, गुणों का स्वरूप, प्रमाण का स्वरूप और भेद, 25 तत्वों की उत्पत्ति एवं सत्कार्यवाद।	16	
तृतीय इकाई	सांख्यकारिका के अनुसार पुरुष सिद्धि, प्रकृति सिद्धि, पुरुष अस्तित्व एवं बहुत्व, बुद्धि के आठ धर्म, गुणधर्म, त्रयोदश करण, सूक्ष्म शरीर, अष्ट सिद्धि एवं मोक्ष।	16	1
चतुर्थ इकाई	उपनिषदों में योग का स्वरूप योगोपनिषद, योगवशिष्ट, ईश, केन, कठ, माण्डूक्य, तैत्तरीय।	16	1
पंचम इकाई	भारतीय दर्शन में योग का स्वरूप- जैन, बौद्ध, वेदान्त।	16	1
षष्ठ इकाई	कक्षाकार्य, गृहकार्य, अनुशासन, उपस्थिति आदि	20	1

सन्दर्भ ग्रन्थ :-

1. कल्याण योगतत्त्वांक — गीताप्रेस, गोरखपुर।
2. योग मनोविज्ञान — शांति प्रकाश आत्रेय।
3. उपनिषदों में योग — डॉ. ईश्वर भारद्वाज, क्लासिकल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
4. गीतार्थ संग्रह — डॉ. विजयपाल शास्त्री, सत्यम प्रकाशन, दिल्ली।
5. श्रीमद् भगवद्गीता भाष्य — आचार्य शंकर, लोकमान्य तिलक, सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार।
6. सांख्यतत्त्वकौमुदी — वाचस्पति मिश्र
7. सांख्यकारिका — ईश्वरकृष्ण
8. Essays on Yoga — Shivanand
9. पातञ्जल योगप्रदीप — ओमानन्द तीर्थ गीता प्रेस
10. सांख्यसुधा — प्रो. महेशप्रसाद सिलोड़ी (मान्यता प्रकाशन दिल्ली)
11. योगामृतम् — प्रो. महेशप्रसाद सिलोड़ी (मान्यता प्रकाशन दिल्ली)
12. योग सिद्धान्त एवं साधना — प्रो. महेशप्रसाद सिलोड़ी
13. योगवाशिष्ट — गीताप्रेस, गोरखपुर
14. शिवसूत्रम् — प्रो. शुद्धानन्दपाठक

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम

One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

द्वितीय सत्र (द्वितीय पत्र)

वैकल्पिक चिकित्सा

(Alternative Therapy)

इकाई	विषय:	अंका: १००	क्रेडिट: ०६
प्रथम: इकाई	वैकल्पिक चिकित्सा की अवधारणा, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा का सम्बन्ध, वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र, सीमाएँ, वैकल्पिक चिकित्सा की आवश्यकता एवं महत्व। एक्यूप्रेशर का अर्थ एवं इतिहास, एक्यूप्रेशर के सिद्धान्त एवं विधि, एक्यूप्रेशर के उपकरण, एक्यूप्रेशर के लाभ, विभिन्न दाब विन्दुओं का परिचय। एक्यूप्रेशर एवं सुजोक में साम्यता एवं विषमता।	१६	०१
द्वितीय: इकाई	प्राण चिकित्सा–प्राण का अर्थ, स्वरूप एवं प्रकार, प्राण चिकित्सा का परिचय, इतिहास एवं सिद्धान्त, ऊर्जा–केन्द्र, प्राण चिकित्सा की विभिन्न विधियां, प्राण चिकित्सा में रंग एवं चक्रों का महत्व, विभिन्न रोगों में प्राण चिकित्सा का प्रभाव।	१६	०१
तृतीय: इकाई	**न्यूरोथैरेपी के सिद्धान्त-** डॉ. लाजपतराय मेहरा न्यूरोथैरेपी का संक्षिप्त परिचय। न्यूरोथैरेपी क्या है? न्यूरोथैरेपी कैसे काम करती है? न्यूरोथैरेपी के जनक कौन है? न्यूरोथैरेपिस्ट को उपचार शुरू करने से पहले ध्यान रखने के लिए सामान्य नियम एवं सावधानियाँ। न्यूरोथैरेपी की मुख्य मान्यतायें। LMNT फारमुले एवं उनके उपयोग।	१६	०१
चतुर्थ: इकाई	क– यज्ञ चिकित्सा– यज्ञ का अर्थ एवं परिभाषा, यज्ञ चिकित्सा के सिद्धान्त, क्षेत्र एवं परिसीमा। रोगानुसार यज्ञ चिकित्सा हेतु यज्ञ सामग्री की जानकारी।	१६	०१
पंचम: इकाई	ख– स्वर चिकित्सा– स्वर चिकित्सा की अवधारणा व उद्देश्य, स्वर चिकित्सा के सिद्धान्त स्वर का अर्थ, प्रकृति व प्रकार, शरीरस्थ नाड़ियों की सामान्य जानकारी, अग्निमांद्य, कब्ज, दमा, प्रतिष्याय, अम्लता, उच्च व निम्न रक्तचाप, मोटापा, अनिद्रा।	१६	०१
षष्ठ: इकाई	कक्षा कार्य, उपस्थिति, अनुशासन आदि	२०	०१

संदर्भ ग्रन्थ–

Introduction to Upanishads – Theosophical Society of India, Adyar, Madras, 1976)
औपनिषदिक अध्यात्म विज्ञान – डा० ईश्वर भारद्वाज
उपनिषद् संग्रह– प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास
भारतीय दर्शन – आचार्य बलदेव उपाध्याय
भारतीय संस्कृति के विविध आयाम– डा० अरूण जायसवाल
कल्याण (योग तत्त्वांक) – गीताप्रेस गोरखपुर
कल्याण (योगांक) – गीता प्रेस गोरखपुर
डॉ० लाजपतराय मेहरा न्यूरोथेरेपी

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम

One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

द्वितीय सत्र (तृतीय पत्र)

रोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (Disease and Naturopathy)

इकाई	विषय:	अंका: 100	क्रेडिट: 06
प्रथम: इकाई	पाचन तंत्र के रोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा- कब्ज, अजीर्ण, यकृतविकार, मोटापा, मधुमेह, बावासीर, पीलिया। दांत के रोग- पायरिया, मसूढा फूलना, मुँह का छाला।	16	01
द्वितीय: इकाई	अस्थि तन्त्र के रोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा- अस्थियों की सूजन, सर्वाइकल व लम्ब्र (स्पोन्डिलाईटिस) जोड़ों की सूजन/गठिया (अस्टियोपोरोसिस), सूखा रोग।	16	01
तृतीय: इकाई	पेशीतन्त्र के रोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा - कमरदर्द, मस्कुलर डिस्ट्राफी, टेटनस, मायोपैथी, रक्त संस्थान के रोग- हृदयरोग, उच्च एवं निम्न रक्त चाप, एनीमीया, ल्यूकोमिया। संक्रामक ज्वर- मलेरिया, टाइफाईड, डेंगु।	16	01
चतुर्थ: इकाई	नाक एवं श्वसन तन्त्र के रोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा - नजला-जुकाम, साइनोसाईटिस, न्युमोनिया, खासी, अस्थमा, टांसिलिटिस। कान के रोग- बहरापन, कान का बहना।	16	01
पंचम: इकाई	अन्त: स्त्रवी तन्त्र के रोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा - थाइराइड, मधुमेह। तंत्रिका तन्त्र के रोग- माइग्रेन, पार्किंसन्स, मिर्गी, लकवा, अनिद्रा, अल्जाइमर, सिजोफेरेनियॉ, निराशा, अवशाद।	16	01
षष्ठ: इकाई	कक्षा कार्य, उपस्थिति, अनुशासन आदि।	20	01

सन्दर्भ ग्रन्थ-

योग चिकित्सा- स्वामी कुवल्यानंद
योग और स्वास्थ्य- डॉ० नवीन भट्ट
रोगों की सरल चिकित्सा- विट्ठल दास मोदी
रोग एवं योग- स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम
One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

द्वितीय सत्र (चतुर्थ पत्र)

प्राकृतिक चिकित्सा प्रयोगात्मक प्रशिक्षण

इकाई	विषय	अंक: 100	क्रेडिट:
प्रथम इकाई	मट्टी चिकित्सा (1) मिट्टी की गरम पट्टी (2) मिट्टी की ठंडी पट्टी (3) गरम मिट्टी की पट्टी (4) रज स्नान (5) पंक स्नान (6) बालू घर्षण (7) मिट्टी स्नान (8) आहार चिकित्सा।	15	I
द्वितीय इकाई	जल चिकित्सा (1) ठंडी जल पट्टी (2) गर्म जल पट्टी (3) गीली चादर लपेट (4) रीढ़ स्नान (5) घर्षण स्नान (6) पैर स्नान (7) कटि स्नान (8) मेहन स्नान (9) जल पान (10) एनिमा।	15	I
तृतीय इकाई	अग्नि चिकित्सा (1) सूर्य स्नान, सूर्य किरण चिकित्सा	15	I
चतुर्थ इकाई	वायु चिकित्सा (1) वायु सेवन (2) स्वर चिकित्सा (3) मालिश चिकित्सा , व्यायाम , योगासन , प्राणायाम , षट क्रिया	15	I
पंचम इकाई	आकाश चिकित्सा (1) विश्राम (2) गाढ़ी निद्रा (3) मनोरंजन (4) उपवास चिकित्सा	20	I
षष्ठ इकाई	कक्षाकार्य, गृहकार्य, अनुशासन, उपस्थिति आदि	20	I

सन्दर्भ ग्रन्थ-

प्राकृतिक आयुर्वविज्ञान- राकेश जिन्दल
Nature care- Dr. H.K. Bakru
Theraphy of Naturopathy – Dr. Henry Lindlahr

Scanned with ACE Scanner

स्नातकोत्तर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक वर्षीय) पाठ्यक्रम
One Year P.G. Diploma in Yoga & Naturopathy (D.Y.N)

द्वितीय सत्र (पंचम पत्र)

इकाई	विषय	अंक: 100	क्रेडिट:
प्रथम इकाई	प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण परियोजना (Naturopathy Project) (अस्पताल, विद्यालय, स्वयं सेवी संस्था में प्राकृतिक प्रशिक्षण) (Hospital, School and N.G.O)	50	1
द्वितीय इकाई	मौखिकी- प्रशिक्षण परियोजना के सन्दर्भ में।	50	1

Scanned with ACE Scanner